53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 18.1°c अधिकतम 31.1 °c

**अमृतवाणी**
इस संसार मे देखने किए अनगिनत सुंदर स्थान है, परंतु सबसे सुंदर स्थान है आंखे बंद कर अपने भीतर देखना।

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

ओमप्रकाश राजभर का कोई राजनैतिक चरित्र नहीं वह पलटू राम हैं : रमाशंकर राजभर



सूर्योदय - 6:19, सूर्यास्त - 5:51 | वर्ष : 53/अंक : 283 सोमवार, 13 अक्टूबर 2025 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, सप्तमी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

हवा पलटने पे जो पलट जाए..... वो बड़ी सूझ-बूझ वाला है........


# खतौली में पटाखों के अवैध भण्डारण में भीषण विस्फोट, महिला घायल







**खतौली, 12 अक्टूबर (बु.)।** नगर की इस्लामनगर, शाहनजर कॉलोनी में पटाखों के अवैध भण्डारण में हुए भीषण विस्फोट में एक महिला आग की चपेट में आकर झुलस गयी वहीं भयानक विस्फोट से कॉलोनी के लोगों में हड़कम्प मच गया। घटना की गंभीरता को संज्ञान में लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय सिंह वर्मा ने मौके का स्वयं निरीक्षण कर अवैध पटाखों के भण्डारण करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही के निर्देश दिये।

मिली जानकारी के अनुसार शासन व प्रशासन के सख्त निर्देशों व अनेक नगरों में पटाखों के विस्फोट की घटनाओं के बाद भी अवैध पटाखों का व्यापार व भण्डारण पर विराम नहीं लग रहा है। विस्फोट की घटनाओं के इसी क्रम में रविवार को नगर की एक कॉलोनी में दिन में ही पटाखों में विस्फोट की घटना घटित हो गयी। नगर के रोडवेज बस स्टैंड के निकट स्थित इस्लामनगर, शाहनजर कॉलोनी निवासी इसरार पुत्र नफीस ने अपने मकान में भण्डारण कर रखा था। रविवार की दोपहर पटाखों को मकान की छत पर धूप में सुखाया जा रहा था। बताया जाता है कि सुखाने के दौरान तेज धूप के चलते अचानक पटाखों में विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना भयानक था कि इस दौरान पटाखे सुखा रही एक महिला अशरफी पत्नी इसरार विस्फोट की चपेट में आ गयी और गंभीर रूप से झुलस गयी। मौहल्लेवासियों की सूचना पर सीओ रामाशीष यादव, कोतवाली प्रभारी दिनेश बघेल पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और घायल महिला को अस्पताल भिजवाया। नगर में दिन दहाड़े हुए भीषण विस्फोट की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा भी मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पटाखों का अवैध भण्डारण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल मकान को सील करते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू की। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि कोतवाली पुलिस ने नगर की कॉलोनी में मकान में पटाखों का अवैध भण्डारण में शामिल अन्य लोगों के शामिल होने की खोज शुरू कर दी है वहीं नगर क्षेत्र के अन्य स्थानों पर भी पटाखों के भण्डारण की खोजबीन शुरू कर दी है। नगर में हुए भीषण विस्फोट की घटना नगर के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। नागरिकों का कथन है कि पुलिस की सतर्कता के बाद नगर क्षेत्र में पटाखों का भण्डारण होना मानव जीवन के लिए अभिशाप साबित हो सकता है।

# साइबर क्राइमः लालच में फंसना, पराया माल अपना

## कार्टूनों के जरिए युवा तो होंगे जागरूक, समझदारों को भी लेना होगा सबक

**मुजफ्फरनगर,12 अक्टूबर (बु.)।** लगातार बढते साइबर अपराध को लेकर कॉमिक्स के जरिए लोगों को जागरूक करने की पहल कितनी कामयाब होगी यह तो वक्त बताएगा, फिलहाल इंटरनेट के माध्यम से आर्थिक लेन देन और सोशल मीडिया के एक्टिव होने के बाद से बेतहाशा बढ़ रही साइबर अपराध की घटनाओं के बाद स्यापा करने से ज्यादा जरूरी है कि इस तरह के अपराधों को लेकर पहले से जागरूकता हो। साइबर अपराध का सबसे ज्यादा शिकार पढ़े लिखे और समादार लोग अधिक हो रहे हैं।

**डिजिटल दुनिया में बढ़ रहे साइबर अपराध के तरीके**

अपहरण कर फिरौती वसूलना, सड़क पर लूटपाट करना, रोड होल्ड अप अब अपराध के पुराने तरीके होने के साथ गायब होते जा रहे हैं। इनका स्थान डिजिटल अरेस्ट और ऑन लाइन फ्रॉड ने ले लिया है। डिजिटल युग में साइबर अपराध की घटनाएं जिस तरह से बढ़ी हैं उसमें कुछ शातिरों के साथ बड़े अंतर्राष्ट्रीय गिरोह तक शामिल हैं। इन गिरोहों के निशाने पर सामान्यतः लोगों के बैंक खाते होते हैं। पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती इस बात की है कि साइबर अपराध करने वाले रोज ऐसे नए तरीके ईजाद कर रहे हैं, जिनसे सामान्य लोग तो क्या अच्छे खासे समादार लोग भी उनके झांसे में आसानी से फंस जाते हैं। सोशल मीडिया इन अपराधियों के लिए सहज सुलभ प्लेटफार्म है। ग्लोबल नेटवर्क से जुड़े सोशल मीडिया ने अपराधियों की शिकार तक पहुंच आसान कर दी है। ऐसे में साइबर अपराध की दुनिया में जहां कुछ अनाड़ी छोटे मोटे खिलाड़ी हैं, वहीं अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े बड़े शातिर भी शामिल हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, एटीएम क्लोनिंग, ओटीपी फ्रॉड, साइबर बुलिंग, डिजिटल अरेस्ट, फोन या वेबसाइट हैक करना, बड़े पैमाने पर साइबर हमले कर बड़े संस्थानों की व्यवस्था को प्रभावित करना तमाम ऐसे तरीके हैं जिनके जरिए साइबर फ्राड आसानी से होता है। हालांकि आम लोग अधिकांशतः सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अटैक का शिकार होते हैं। साइबर अपराधियों का मकसद केवल इंटरनेट जपना पराया माल अपना होता है। यह शिकार पर निर्भर है कि उसे कितना और कैसे फंसाया जा सकता है।

**शिकार को कच्चे लालच में फंसाते हैं साइबर अपराधी**

आम आदमी कई बार कच्चे लालच में साइबर अपराधियों के चंगुल में फंस रहा है। फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म ऐसे असंभव विज्ञापनों से भरे पड़े हैं। चार सौ रुपये में चार किलो मेवा के पैक, दस हजार का माल एक हजार में जैसे विज्ञापन देखकर आम आदमी ठिठकता है। आम तौर पर ऐसे विज्ञापनों में लोगों को माल खरीदने के पेमेंट ऑन डिलीवरी ऑप्शन के बजाय तत्काल भुगतान के लिए कहा जाता है। जो भुगतान करता है, वह डिलीवरी आने की इंतजार करता रहता है, जो कभी नहीं आती। खास बात यह है कि ऐसे फ्राडिए नामी मार्केटिंग कंपनियों के नाम का इस्तेमाल धड़ल्ले से करते हैं और हर चीज पर नजर रखने वाला फेसबुक जैसा महालोकप्रिय प्लेटफार्म ऐसे फ्राड पर रोक नहीं लगाते। रोज बड़ी संख्या में लोग ऐसे फ्राड का शिकार हो रहे हैं। रोज स्कूलों या दूसरे स्थानों को बम से उड़ाने की धमकी देने की घटनाओं में पुलिस तत्काल एक्शन में तो आती है, लेकिन ऐसे अपराधियों तक पहुंच बनाना उसके लिए संभव नहीं हो पाता। इसी तरह


शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर


# सीमेंट के शेड पर काम कर रहे श्रमिक की नीचे गिरने से हुई दर्दनाक मौत



**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के भोपा रोड पर पेपर मिल में सीमेंट के शेड पर चढ़कर काम कर रहे श्रमिक की अचानक नीचे गिरने से दर्दनाक मौत हो गयी। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने मिल परिसर में पहुंचकर जमकर हंगामा किया और मुआवजा का आश्वासन मिलने पर परिजन शांत हुए।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव कसौली निवासी 30 वर्षीय जुबैर भोपा रोड पर स्थित पेपर मिल में काम करता था। दोपहर बाद लगभग तीन बजे जुबैर मिल के अंदर सीमेंटेड शेड पर चढ़कर काम कर रहा था। तभी सिमेंट की शेड टूट गई और वह नीचे को निकलकर गिर गया। घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोग व ग्रामीण एकत्रित होकर मिल पर पहुंच गए। उन्होंने शव रखकर काफी देर तक हंगामा किया। उन्होंने मिल प्रशासन पर लापरवाही के आरोप भी लगाए। साथ ही मुआवजे की मांग करते हुए हंगामा किया। सूचना पर नई मंडी कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची गई। उन्होंने लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। घंटों चले हंगामे के बाद मिल की ओर से मुआवजा परिजन शांत हुए। उसके बाद शव को लेकर परिजन चले गए।

# मशीन की चपेट में आने से मजदूर युवक की मौत

**सिखेड़ा, 12 अक्टूबर (बु.)।** क्षेत्र की गैलेक्सी पेपर मिल में मजदूर की मशीन की चपेट में आने पर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पीएम के लिए भेज दिया। क्षेत्र की जौली रोड पर गांव धंधेड़ा और सिखेड़ा के बीच में स्थित गैलेक्सी पेपर मिल में रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में मशीन पर काम कर रहे एक युवक की मौत हो गई। अमित कुमार पुत्र भरत सिंह निवासी कैडी दरियापुर थाना ककरौली उम्र लगभग 32 वर्ष गैलेक्सी पेपर मिल में हेल्पर का काम करता था। दोपहर को लगभग एक बजे जब वह मशीन के पास काम कर रहा था, तभी उसका हाथ मशीन की चपेट में आ गया। हाथ के चपेट में आने पर मशीन ने उसको खींच लिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख-पुकार सुनकर वहां काम कर रहे कर्मचारियों ने किसी तरह मशीन बंद की और उसको निकाल कर गंभीर रूप से घायल युवक को तुरंत मुजफ्फरनगर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर इलाज के दौरान अमित की मौत हो गई। मौत कि सूचना पाकर स्वजन में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि गैलेक्सी पेपर मिल में हुई दुर्घटना में घायल अमित की अस्पताल में मौत हो गई है। स्वजन को सूचना कर दी गई है। पंचनामा भरकर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। दुर्घटना की तहरीर अभी तक नहीं आई है।

# पंजीकृत 10,366 में से कुल 6455 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

## ▶▶ कड़ी निगरानी में जिले के 23 केंद्रों पर निर्विघ्न संपन्न हुई परीक्षा ▶▶ प्रथम पाली में 3977 व दूसरी पाली में 3911 ने किया किनारा ▶▶ डीएम-एसएसपी समेत अन्य अफसरों ने परखी केंद्र व्यवस्था



**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पीसीएस-प्री परीक्षा रविवार को जनपद के 23 परीक्षा केंद्रों पर निर्विघ्न एवं नकलविहीन संपन्न हुई। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई परीक्षा में आयोग के निर्देश पर तीन लेयर की सुरक्षा से गुजरने के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिलाया गया। उक्त पीसीएस-प्री परीक्षा के लिए जिले में चयनित 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिसमें पंजीकृत 10,368 परीक्षार्थियों में प्रथम पाली में इस बीच 3977 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, वहीं किन्हीं कारणों से 6389 अभ्यर्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। दूसरी पाली में कुल पंजीकृत 10366 अभ्यर्थियों में से 3911 ने परीक्षा दी और 6455 अभ्यर्थी परीक्षा देने के लिए परीक्षा केंद्रों पर नहीं पहुंच पाए। रविवार में प्रथम पाली में 3977 अभ्यर्थियों के सापेक्ष दूसरी पाली में 66 अभ्यर्थियों की कमी के साथ 3911 अभ्यर्थी शामिल हो पाए। परीक्षा को लेकर डीएम उमेश मिश्रा एवं एसएसपी संजय कुमार वर्मा समेत अन्य आलाधिकारी क्षेत्र में हर स्थिति पर नजरें बनाए रहें।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग यानि यूपीपीएससी की रविवार को मुजफ्फरनगर के 23 परीक्षा केंद्रों पर हुई। दो पालियों में हुई परीक्षा को नकलविहीन एवं निर्विघ्न संपन्न कराने को लेकर डीएम उमेश मिश्रा समेत अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी भ्रमणशील रहे। दोनों पालियों में उपस्थिति मात्र 7888 अभ्यर्थियों की रही, वहीं 12844 अभ्यर्थियों ने उक्त परीक्षा छोड़ दी, जिस कारण परीक्षा केंद्र की सीटें खाली पड़ी रही। प्रथम पाली में 38.37 एवं द्वितीय पाली में मात्र 37.73 प्रतिशत उपस्थिति रही। यूपी लोक सेवा आयोग की परीक्षा की प्रथम पाली सुबह साढ़े नौ बजे शुरू हुई। तीन घंटे चली परीक्षा में पंजीकृत रहे 10,366 अभ्यर्थियों में से मात्र 3,977 परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों तक पहुंचे। इस तरह कुल 6,389 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। इसके बाद दोपहर ढाई बजे प्रारंभ हुई दूसरी पाली की परीक्षा में उपस्थिति आंकड़ा प्रथम पाली से भी कम हुई। इस पाली में 10,366 अभ्यर्थियों में से सिर्फ 3,911 अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा में प्रतिभाग किया, वहीं 6,455 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गए। पीसीएस-प्री परीक्षा के नोडल अधिकारी एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को जनपद के 23 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई इस परीक्षा में


शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर


# डिवाइडर ने ली खाटू श्याम भक्त विशाल गोयल की जान

## अलमासपुर के पास कार डिवाइडर से टकराने के कारण हुई मौत







**मुजफ्फरनगर,12 अक्टूबर (बु.)।** शहर में कई स्थानों पर डिवाइडर जानलेवा हो रही हैं। ऐसे ही इस बार डिवाइडर ने एक ऐसे व्यक्ति की जान ले ली जो धार्मिक और सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहता था। बीती रात अलमासपुर के पास कार के डिवाइडर से टकरा जाने के कारण खाटू श्याम सेवा प्रचार समिति के अध्यक्ष विशाल गोयल का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से शहर में शोक फैल गया। उनका गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

खाटू श्याम सेवा प्रचार समिति के अध्यक्ष विशाल गोयल बीती रात एक धार्मिक आयोजन में शामिल होने रोहाना के लिए रवाना हुए थे। अलमासपुर के पास अंधेरे में नजर नहीं आने के कारण उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई। तेज ाटके के साथ उनका सिर आगे जाकर लगा। हादसे की खबर सुनते ही पुलिस और उनके परिवार के लोग वहां पहुंचे। सिर में चोट लगने के कारण अचेत अवस्था में उन्हें भोपा रोड के एक नर्सिंग होम पर ले जाया गया। यहां उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उन्हें फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया। देर रात वहीं उनका निधन हो गया। सुबह उनके निधन की खबर फैली तो खाटू श्याम भक्तों के साथ तमाम लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग बाला जी धाम के पास स्थित उनके आवास पर पहुंचे और शोक जताया। दोपहर बाद उनके शव को यहां लाया गया और नई मंडी श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर खाटू श्याम सेवा प्रचार समिति के तमाम सदस्यों के साथ सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े तमाम लोग मौजूद रहे। लोगों में इस बात को लेकर चर्चा रही कि शहर में तमाम स्थानों पर भारी भरकम डिवाइडर तो खड़े कर दिए गए हैं, लेकिन इन पर ना तो संकेतक हैं, ना ऐसे चिह्न हैं कि रात में उन्हें आसानी से देखा जा सके। ऐसे में जरा सी असावधानी से हादसे की आशंका बनी रहती है। अभी कुछ समय पूर्व पचेंडा रोड पर एक युवक की बाइक डिवाइडर से टकराने के कारण मौत हो चुकी थी।

# रिटायर्ड इंजीनियर से 33 लाख की ठगी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार




**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता करते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुजफ्फरनगर के पीडब्लूडी विभाग से रिटायर्ड इंजीनियर से 33 लाख रुपये की ठगी का मामला कई माह पहले सामने आया था। इस मामले में शनिवार को पंजाब के अमृतसर से पुलिस को बड़ी सफलता मिली, जिसमें तीन साइबर लुटेरे गैंग के सदस्य, साइबर क्राइम थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गए। पुलिस ने गिरोह के मास्टरमाइंड राजू निवासी एफ केएलसी ध्रुव थाना खुर्सीपार जनपद भिलाई छत्तीसगढ़, उसके साथी अमन सिन्हा निवासी रेलवे कालोनी थाना डल्ली रजहारा जिला बालोड छत्तीसगढ़ व संदीप सिंह उर्फ सुन्नी निवासी राया खुर्द थाना व्यास जिला अमृतसर पंजाब को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने बताया कि अमन और संदीप उर्फ सन्नी राजू के लिए काम किया करते थे। जो लोगों को लालच देकर उनका बैंक में खाता खुलवाते थे और बैंक खाते की जानकारी राजू को भेज देते थे। राजू खातों की डिटेल्स के साथ एटीएम से रुपये निकालकर अपना हिस्सा बांटकर रुपयों की यूएसडीटी खरीदकर कम्बोडिया में बैठे साइबर लुटेरों को भेज देता था। एसएसपी ने बताया कि आरोपियों से बरामद खातों के खिलाफ 24 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की 16 शिकायतें दर्ज हैं। इससे पहले सितम्बर माह में इस गैंग से जुड़े तीन आरोपियों को साइबर क्राइम थाना पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। पूरा गैंग कम्बोडिया में बैठे अपने गैंग के साथियों के लिए काम करते है। पुलिस अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

# ट्रैक्टर की टक्कर लगने से दो बाइक सवार घायल

**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** गांव भैंसी स्थित पेट्रोल पम्प के निकट ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार गांव भैंसी क्षेत्र में सामने से आ रहे ट्रैक्टर की टक्कर से स्पलेंडर बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल हो गए। सड़क पर हुई दुर्घटना से वाहनों का जाम लग गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल बाइक सवार राजेन्द्र पुत्र लख्मीचन्द निवासी देवबंद शुगर मिल कॉलोनी एवं घायल गौरव पुत्र मदनलाल निवासी रुड़की को तत्काल मुजफ्फरनगर मेडिकल बेगराजपुर भिजवाया गया तथा पुलिस द्वारा ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर आगामी जांच पड़ताल शुरू की गयी।

# कार की मांग पूरी नहीं हुई तो विवाहिता को पिला दिया जहर




सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** मुजफ्फरनगर के भोपा थाना क्षेत्र के गांव करहेड़ा में विवाहिता व उसके परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि देवबंद के गांव थिथकी निवासी 26 वर्षीय शन्नों का विवाह भोपा के रहने वाले इमरान पुत्र इरफान से एक वर्ष पहले हुई थी। आरोप है कि तभी से शन्नों के ससुरालियों की कार की मांग चल रही है। आरोप है कि इसी बात को लेकर पहले पूरी रात शन्नों की पिटाई की गयी, फिर नन्दो व शन्नों के शौहर इमरान ने जबरदस्ती उसे जहर पिलाया, जिसके बाद पीड़िता को भोपा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की रिपोर्ट मानें तो शन्नों को एसिड दिया गया था। फिलहाल शन्नों का विकलांग भाई फुरकान बैसाखियों पर चलकर जिला चिकित्सालय पहुंचा और मामले की जानकारी मीडिया को दी। भरे मन से फुराकन ने कहा कि मेरी बहन को किसी तरह से इंसाफ मिल जाए। जब फुरकान से पूछा गया कि उसने इस बात की रिपोर्ट कहीं दर्ज की है तो उसने कहा कि नहीं सबसे पहले वह मीडिया को ही अपनी बहन की दास्तां बयां कर रहा है। समाचार लिखे जाने तक कोई रिपोर्ट नहीं लिखी गयी थी।






1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## पी. चिदंबरम और ऑपरेशन ब्लू स्टार

कांग्रेस के नेता पी. चिदंबरम अक्सर अपने बयानों और अखबारों में लिखे गए लेखों के जरिये सुर्खियों में रहते हैं। इस बार उन्होंने ऑपरेशन ब्लू स्टार पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस के बड़े नेताओं के अलावा कुछ टीवी बहस से पहचाने जाने वाले छुट भइये नेताओं ने भी उनकी आलोचना की है। पी.चिदंबरम ने कसौली के खुशवंत सिंह लिटरेरी फेस्टिवल में ऑपरेशन ब्लू स्टार को गलती बताया, इंदिरा गांधी को कठघरे में खड़ा किया। इससे कांग्रेस में अंदरूनी कलह उजागर हुई। पी. चिदंबरम ने कहा है कि जून 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार एक गलती थी और पूर्व प्रधानमन्त्री इंदिरा गांधी ने उसकी कीमत अपनी जान देकर चुकाई। चिदंबरम ने कहा कि मैं यहां मौजूद किसी भी सैन्य अधिकारी का अपमान नहीं करना चाहता, लेकिन ऑपरेशन ब्लू स्टार, गोल्डन टेम्पल को वापस लेने का गलत तरीका था। पी.चिदंबरम ने कहा कुछ साल बाद हमने सेना को शामिल किए बिना गोल्डन टेम्पल को वापस लेने का सही तरीका दिखाया। पी. चिदंबरम ने कहा कि इस गलती के लिए इंदिरा गांधी को अकेले ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि ब्लू स्टार गलत तरीका था और मैं मानता हूं कि इंदिरा गांधी ने उस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई, लेकिन वह गलती सेना, पुलिस, खुफिया एजेंसियों और सिविल सेवा, सबके सामूहिक फैसले का नतीजा थी। जून 1984 के पहले सप्ताह में दरबार साहिब परिसर में हुई भारतीय सेना की कार्रवाई को 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' के नाम से जाना जाता है। भारत सरकार के दावे के अनुसार यह सैन्य अभियान जरनैल सिंह भिंडरावाले और उसके हथियारबंद साथियों को दरबार साहिब परिसर से बाहर निकालने के लिए चलाया गया था। ऑपरेशन ब्लू स्टार पर बीते 6 महीने दूसरी बार यह बयान आया है। इससे पहले 4 मई को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वे कहते नजर आए थे कि 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार गलती थी, जो भी गलतियां 80 के दशक में कांग्रेस से हुईं, मैं जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं। राहुल के बयान के बाद कोई नहीं बोला, लेकिन पी चिदंबरम के बयान से हंगामा है। पी.चिदंबरम ने दो हफ़्ते पहले भी एक खुलासा किया था, वह यह कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद उनके मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के 17 साल बाद पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री पी.चिदंबरम ने एक चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला अंतरराष्ट्रीय दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख के कारण लिया गया था। मुंबई हमले में 175 लोगों की जान गई थी। 60 घंटों तक 10 आतंकियों ने मुंबई की सड़कों, ताज होटल, सीएसटी रेलवे स्टेशन, नरीमन हाउस और कामा हॉस्पिटल को निशाना बनाया था। अंधाधुंध फायरिंग की थी। चिदंबरम ने कहा पूरी दुनिया का दबाव था। हमें युद्ध नहीं करने के लिए समझाया जा रहा था। तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री दिल्ली आईं और उन्होंने कहा कि कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा। कोई आधिकारिक राज उजागर किए बिना मैं मानता हूं कि मेरे मन में प्रतिशोध की भावना आई थी। मैंने जवाबी कार्रवाई पर पीएम और अन्य जिम्मेदार लोगों से चर्चा की थी। पीएम ने तो इस पर चर्चा हमले के दौरान ही कर ली थी। विदेश मंत्रालय का मानना था कि सीधा हमला नहीं करना चाहिए। इसके बाद सरकार ने कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक्स पर इस इंटरव्यू की क्लिप शेयर की है। उन्होंने लिखा, पूर्व गृह मंत्री ने मान लिया है कि देश पहले से जानता था कि मुंबई हमलों को विदेशी ताकतों के दबाव के चलते सही तरीके से हैंडिल नहीं किया गया। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि चिदंबरम पहले तो मुंबई हमलों के बाद गृहमंत्री का पद संभालने को लेकर हिचकिचा रहे थे, वे पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई चाहते थे, लेकिन बाकी लोग भारी पड़ गए। पी.चिदंबरम के बयान कांग्रेस में खलबली पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि कांग्रेस से सब कुछ पाने वाले वरिष्ठ नेताओं को पार्टी के लिए शर्मिंदगी पैदा कर सकने वाले बयान देने में अधिक सावधानी बरतनी चाहिए। यह आदत नहीं बननी चाहिए। वरिष्ठ नेताओं को सार्वजनिक बयान देते समय सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि उनके बार-बार के बयान पार्टी के लिए समस्याएं पैदा करते हैं, जो सही नहीं है। पी.चिदंबरम के ये बयान शशि थरूर और मनीष तिवारी जैसे कांग्रेस के उन नेताओं की याद दिलाते हैं, जो अक्सर ऐसी टिप्पणियां करते हैं, जिससे कांग्रेस खुद को असहज महसूस करती है। सवाल यह है कि 80 वर्षीय चिदंबरम, जो कभी वित्त मंत्री और गृहमंत्री रहे, उनकी बातों का कांग्रेस पार्टी में एक वजन है, फिर अचानक क्यों ऐसे बयानों से पार्टी को असहज कर रहे हैं? क्या कांग्रेस में फिर कोई बड़ी उठापटक होने वाली है? ऐसे ही कई सवाल उठ रहे हैं। चिदंबरम के बयान से पंजाब में भी हलचल है। पंजाब के आप विधायक इंद्रबीर सिंह निज्जर ने कहा कि देश की प्रधानमन्त्री होने के नाते ऑपरेशन ब्लू स्टार के लिए इंदिरा गांधी संपूर्ण तौर पर जिम्मेदार हैं। देश में कुछ भी होता है, वो प्रधानमन्त्री की मर्जी से होता है। उन्होंने सवाल उठाया, सिखों को मारने वाले सज्जन कुमार, जगदीश टाइटलर और कमलनाथ को बचाने के पीछे कांग्रेस की क्या मंशा थी? कांग्रेस ने हमेशा सिखों को दबाया। मलविंदर सिंह कांग ने कहा कि 40 साल बाद आखिरकार कांग्रेस ने मान लिया कि उनके द्वारा किया गया सिखों का नरसंहार गलत था, लेकिन कांग्रेस आज भी सज्जन कुमार, जगदीश टाइटलर और कमलनाथ जैसे नेताओं पर मेहरबान क्यों है, जो सिख नरसंहार के लिए जिम्मेदार थे? कांग्रेस द्वारा श्री दरबार साहिब और श्री अकाल तख्त पर किए गए हमले को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मामले में कांग्रेस और इंदिरा गांधी को क्लीन चिट देना सिखों के जख्मों को और गहरा करना है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने भी चिदंबरम के बयान का स्वागत किया, लेकिन इंदिरा की पूरी जिम्मेदारी बताई। भाजपा के मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि चिदंबरम का बयान कांग्रेस की ऐतिहासिक भूल को उजागर करता है, लेकिन इंदिरा को अकेले दोष न देने की कोशिश अस्वीकार्य है। एक्स पर ऑपरेशन ब्लू स्टार ट्रेंड कर रहा है, जहां सिख यूजर्स कांग्रेस की गलत राजनीति पर सवाल उठा रहे हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'पान' 'इज्जत' 'जहालत' 'सियासत'

गली का पान वाला भी, जिन्हें इज्जत नहीं देता,
वो टीवी पर चहकते हैं, अकारण ही बहकते हैं।
वो ऐसे बात करते हैं के जैसे बुद्धि जीवी हों,
जहालत को छुपा लेते, सियासत में उछलते हैं।




## 15 अक्टूबर से लागू होगी ई-रिक्शाओं की रूट व्यवस्था

### – नुमाइश ग्राउंड पर जुटेंगे सभी ई-रिक्शा स्वामी और चालक

**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार और पुलिस अधीक्षक यातायात के पर्यवेक्षण में, शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए आवंटित रूटों पर ई-रिक्शा संचालन की व्यवस्था का विधिवत् शुभारंभ किया जाएगा। यातायात प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में उन सभी ई-रिक्शा स्वामियों और चालकों को सूचित किया गया है, जिन्हें रूटों का आवंटन हो चुका है और जिन्होंने अपने ई-रिक्शा पर आवंटित रूट का रंग और नंबर लिखवा लिया है, बुधवार, 15 अक्टूबर प्रातः 11 बजे तक उन सभी ई-रिक्शा चालकों को नुमाइश ग्राउंड, मेरठ रोड पर पहुँचना सुनिश्चित किया गया है। जिलाधिकारी उमेश मिश्र और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के द्वारा रूट की व्यवस्था लागू करने का यह शुभारंभ कार्य किया जाएगा। यातायात पुलिस ने सभी रूट-आवंटित ई-रिक्शा चालकों से इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर सहयोग करने की अपील यातायात विभाग द्वारा की गई है। इस नई व्यवस्था से शहर में ई-रिक्शा के कारण होने वाली अव्यवस्था और जाम की समस्या में कमी आने की उम्मीद है, जिससे आम जनता को काफी राहत मिलेगी।

## सीएम योगी की तस्वीर पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक को पुलिस ने सिखाया सबक

**चरथावल, 12 अक्टूबर (बु.)।** क्षेत्र के घर कुल्हेड़ी से पुलिस ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो पर आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया है। कुछ दिन पूर्व चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम कुल्हेड़ी निवासी एक युवक ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चित्र पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए उसको सोशल मीडिया पर वायरल किया था। हिंदू संगठन के नेताओं ने थाने में तहरी देकर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। रविवार को चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में इंस्पेक्टर जयकिशोर ने कांस्टेबल तेजेन्द्र धामा, अरुण



कुमार के साथ मिलकर आरोपी युवक कुर्बान उर्फ अलतमश मलिक पुत्र फरमान को गांव कुल्हेड़ी से गिरफ्तार कर लिया। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने कहा कि हमारी टीम ने आरोपी को गांव कुल्हेड़ी से दबोचा है। उसके मोबाइल फोन को भी कब्जे में लिया गया है। प्रारंभिक जांच में उसने तस्वीर वायरल करने की बात कबूल की है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी युवक कुर्बान उर्फ अलतमश ने सोशल मीडिया पर तस्वीर वायरल करने की बात मानते हुए माफी मांगी।

## बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर बने रवि किशन, अभिषेक बच्चन ने मां जया को दिया ट्रिब्यूट

**अहमदाबाद, 12 अक्तूबर (एजेंसी)।** 70वां फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2025 आज 11 अक्टूबर दिन शनिवार को गुजरात के अहमदाबाद में धूमधाम से होने जा रहा हैं। 17 साल बाद बॉलीवुड के किंग यानी शाहरुख खान फिल्मफेयर अवार्ड को होस्ट करेंगे। इस शो में अक्षय कुमार, कृति सेनन, अनन्या पांडे समेत कई सितारे नजर आएंगे। गुजरात टूरिज्म के साथ आज की रात ग्लैमर से भरी होगी। ये अवॉर्ड शो भारतीय सिनेमा के 7 दशकों का जश्न हें. जिसमें एक्टिंग, डायरेक्शन और टेक्निकल कैटेगरीज में बेस्ट टैलेंग को अवॉर्ड्स मिलेंगे। बता दें कि फिल्मफेयर अवॉर्ड्स साल 1954 से चल रहा है। इस इवेंट की पल-पल के अपडेट को जानने के लिए आप हमारे साथ जुड़े रह सकते हैं। रवि किशन ने कहा- 33 साल इसका इंतजार किया। 750 फिल्में कर चुका हूं, लेकिन कभी फिल्मफेयर के मंच पर नहीं आया। मैंने सोचा था कि जिस दिन मेरा नाम आएगा, उसी दिन वहां जाऊंगा। थैंक्यू प्रीति मेरी पत्नी और मेरे बच्चे, जो इसका इंतजार कर रहे थे। मुझे जिंदा रखने के लिए धन्यवाद महादेव। धन्यवाद फिल्मफेयर। शनिवार को 70वीं फिल्मफेयर अवॉर्ड सेरेमनी अहमदाबाद में आयोजित हुई। बेस्ट फिल्म 'लापता लेडीज' रही। इसमें रवि किशन ने श्याम मनोहर का किरदार निभाया था। इसी रोल के लिए सांसद को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड मिला। सांसद ने कहा, "34 साल से सिनेमा इंडस्ट्री में हूं। मुझे कभी ये ब्लैक लेडी मिली नहीं थी। लेकिन मैं हमेशा चाहता था। महादेव हैं। जीवन में एक बार सूर्योदय होता है। मैं आज बहुत खुश हूं। किरण राव मैम (फिल्म डायरेक्टर) ने मुझे मनोहर के किरदार में देख लिया था। उस समय मैं पार्लियामेंट में था। सेशन चल रहा था। उनका फोन आया कि मैं दिल्ली आ रही हूं। आमिर खान सर ने भी इसके लिए ऑडिशन दिया था। उन्होंने ड्रेस भी सिलवा ली थी। उन्होंने मुझे तराशकर एक पुलिस वाले को मुंह में पान रखकर पेश किया।



## सिटी सेंटर के सामने गली में ट्रैफिक पुलिस की बड़ी कार्रवाई, नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों का 'कांटा चालान'



**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** शहर के मुख्य व्यापारिक क्षेत्र सिटी सेंटर के सामने गली में 'नो पार्किंग' जोन में अवैध रूप से खड़ी गाड़ियों पर रविवार को ट्रैफिक पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। ट्रैफिक पुलिस प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने अभियान चलाकर कुल 6 गाड़ियों का चालान काटा और कुछ गाड़ियों को क्रेन के द्वारा टोइंग भी कराया गया। आपको बता दें कि, ट्रैफिक पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि सिटी सेंटर के पास की गलियों में लोग धड़ल्ले से अपनी गाड़ियाँ नो पार्किंग जोन में खड़ी कर देते हैं। इससे न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए रविवार दोपहर ट्रैफिक पुलिस प्रभारी राकेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 'नो पार्किंग' में खड़ी 6 कारों को क्रेन की मदद से उठा लिया और उन्हें पुलिस लाइन ले जाया गया।

ट्रैफिक पुलिस प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपनी गाड़ियाँ निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ी करें, अन्यथा उनके वाहनों का चालान किया जाएगा और नियमानुसार जुर्माना वसूला जाएगा। इस कार्रवाई से जहाँ अवैध पार्किंग करने वालों में हड़कंप मच गया, वहीं आम नागरिकों ने ट्रैफिक पुलिस के इस कदम की सराहना की है।

## कंसल परिवार ने गरीब परिवारों संग मनाया दीपावली पर्व

### – कुष्ठ आश्रम से आए परिवारों को भोजन कराकर दिए उपहार





**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** जिले के प्रमुख समाजसेवी एवं उद्यमी भीम कंसल के परिवार ने पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी दीपावली की खुशियां बेसहारा, गरीब व कुष्ठ रोगी लोगों के साथ बांटते हुए त्यौहार मनाया। इस दौरान भीम कंसल ने अपने नई मंडी मीका विहार स्थित आवास पर दीपावली भोज का आयोजन किया, जिसमें शहर के रुड़की रोड स्थित कुष्ठ आश्रम में रहने वाले गरीब व बेसहारा लोगों को मेहमान बनाकर बुलाया गया था। रविवार को नई मंडी आवास पर आयोजित कार्यक्रम में आये इन मेहमानों का कंसल परिवार ने स्वागत सत्कार करते हुए उनकी सेवा की और भोजन ग्रहण कराया। इस दौरान भीम कंसल समेत उनके परिवार के सदस्यों ने अपने हाथों से इन लोगों को भोजन परोसा। इस दौरान कंसल परिवार ने कुष्ठ आश्रम में रहने वाले सैकड़ों महिला, पुरुष और बच्चों को उपहार भी भेंट किये। कुष्ठ आश्रम से आयी संगत ने यहां पर भजन कीर्तन करते हुए समाजसेवी भीम कंसल और उनके परिवार को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भीम सैन कंसल के पिता फूलचंद कंसल, पुत्र पराग कंसल के अलावा अंजना कंसल व गोपिका कंसल समेत रजत राठी, विनोद राठी, चचा जेपी गोयल, विकास कन्नू, अंकित कुमार आदि भी मौजूद रहे। कंसल परिवार की महिलाओं ने भी गरीब मेहमानों का भरपूर सत्कार किया।







## जोत से जोत जगाते चलो धुन के साथ मनाया दीप पर्व

### – प्रयत्न महिला शक्ति विंग द्वारा सुरक्षित और प्रदूषण रहित त्यौहार मनाने का आह्वान

**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** जोत से जोत जगाते चलो प्रेम की गंगा बहाते चलो- के गायन के साथ हाथों में दीप लेकर प्रयत्न महिला शक्ति विंग द्वारा सुरक्षित और प्रदूषण रहित त्यौहार के आह्वान के साथ दीपोत्सव मनाया गया। प्रयत्न महिला शक्ति विंग ने आज होटल स्वर्ण इन में दीवाली मिलन का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती यशिका चौहान एवं प्रयत्न के चेयरमैन समर्थ प्रकाश द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रयत्न की सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान सुंदर वेशभूषा का कम्पीटिशन रखा गया। कार्यक्रम में गीत संगीत,नृत्य के माध्यम से एक दूसरे को बधाइयां दी गयी। मुख्य अतिथि यशिका चौहान का शॉल भेंट कर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर यशिका जी ने सभी को दीवाली पर सबके जीवन से अंधकार दूर करने की अपील की। प्रयत्न शक्ति बोर्ड की अध्यक्षा साधना मेहता ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रयत्न के चेयरमैन समर्थ प्रकाश ने संस्था के प्रति 10 साल पद पर रहते हुए सेवा करने वाले सेक्रेट्री असद फारूकी, डॉ. रिंकू गोयल, रीना अग्रवाल, सोनिया लूथरा, डॉ. विवेक कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि गांधी कॉलोनी के सभासद अमित पटपटिया को उनके द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो के लिये सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में रोजी नागयन और प्रिया माहेश्वरी का सहयोग रहा। दोनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यशिका चौहान, समर्थ प्रकाश, असद फारूकी, रीना अग्रवाल, सोनिया लूथरा, डॉ रिंकू गोयल, साधना मेहता, संतोष शर्मा, मुकेश अरोरा अध्यक्ष, ऋषिराज राही, सभासद अमित पटपटिया, सुचिता प्रकाश, रमा नागर, रुचि शर्मा, डॉ. गीतांजलि वर्मा, डॉ. प्रेरणा मित्तल, मीता गुप्ता, डॉ. विवेक कुमार, आकांशा शर्मा, मधु अग्रवाल, ईशान शर्मा, चारु गुप्ता, कमला भगत, मनी पटपटिया, मिनी अरोरा, नेहा अरोरा, अनिता हुरिया, श्रद्धा सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन साधना मेहता ने किया । आभार समर्थ प्रकाश चेयरमैन ने किया।

## सुरक्षा को लेकर सीओ ने महिलाओं से किया संवाद

**बुढ़ाना, 12 अक्टूबर (बु.)।** सर्किल बुढ़ाना के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह ने आज रविवार की देर रात कस्बे के मुख्य बाजारों में पैदल घूमकर पुलिस बल को साथ लेकर बाजारों में खरीददारी करने आई महिलाओं और किशोरियों से उनकी सुरक्षा को लेकर संवाद किया। उनके नेतृत्व में बुढ़ाना पुलिस ने बाजार क्षेत्र में पैदल गश्त की और मिशन शक्ति के तहत पैम्फलेट वितरित किए, जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के बारे में जागरूकता फैलाना था। इस दौरान पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं से संवाद किया और उन्हें साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताए और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कुछ मामलों में, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस ने कस्बे के प्रमुख मार्गों और बाजार क्षेत्रों में पैदल गश्त की और मिशन शक्ति अभियान से संबंधित पम्पलेट बांटे गए, जिनमें महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण पर जानकारी थी। कोतवाल सुभाष बाबू अत्री ने भी महिलाओं से सीधा संवाद किया और उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। लोगों को साइबर अपराधों से बचाव और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के तरीकों के बारे में भी बताया गया व संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग की गई और उन्हें आवश्यक हिदायत दी गई। सीओ के अनुसार इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के प्रति सुरक्षा और सशक्तिकरण की भावना को मजबूत करना है।



## दैनिक यात्रा संघ ने पूर्व मंत्री डॉ. बालियान को सौंपा ज्ञापन

### – ट्रेनों का समय सुधारने के साथ गाड़ियों की संख्या बढ़ाने की मांग



**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** दैनिक यात्रा संघ इकाई ने रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान से मिलकर मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन, रेलवे डबल लाइन और इलेक्ट्रॉनिक्स लाइन से सुसज्जित कराए जाने पर उनका आभार व्यक्त करते हुए रेलवे से जुड़ी समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान पूर्व मंत्री को सौंपे ज्ञापन में स्टेशन की नई बिल्डिंग बनने से रेल गाड़ियों में जनता द्वारा ज्यादा सफर करने से रेलगाड़ियों में भारी संख्या में यात्रियों की भीड़ होने से अवगत कराया। उन्होंने पूर्व मंत्री से मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर समस्याओं का अभाव बताते हुए इससे यात्रियों को होने वाली परेशानी से मुक्ति दिलाए जाने की मांग की। दैनिक यात्री संघ के अध्यक्ष घनश्याम भगत के नेतृत्व में मिले पदाधिकारियों ने पूर्व राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान को बताया कि कोरोना समय से तीन पैसेंजर गाड़ी बंद है, जो दिल्ली से अंबाला तक जाती थी, इसमें हजारों यात्री सफर करते थे, जिन्हें फिर से शुरू किया जाना चाहिए। वहीं दिल्ली से जम्मू तक जाने वाली गाड़ी सं. 14661, 14662 शालीमार एक्सप्रेस को रेलवे ने महीनों से बंद कर रखा है जिससे यात्रियों को बड़ी समस्या हो रही है, इस गाड़ी शालीमार एक्सप्रेस को फिर से चलाया जाए। पुरानी दिल्ली से चलकर जालंधर जाने वाली गाड़ी संख्या 14681 एवं 14682 को रेलवे विभाग ने 01 दिसंबर से 02 मार्च 2026 तक बंद कर दिया है। ट्रेन बंद होने से यात्रियों को बड़ी परेशानी होगी। दैनिक यात्री संघ ने मांग की कि जालंधर एक्सप्रेस को बंद न किया जाए और इसे दिल्ली से अंबाला तक दूरी कम करके चलाया जाए। वहीं मुजफ्फरनगर रेलवे लाइन का दोहरीकरण हो जाने के बाद भी ट्रेनें लेट चलने की समस्या के निदान को इनके समय को दुरूस्त कराया जाए। ताकि दैनिक यात्रियों के साथ ड्यूटी पर जाने वाले कर्मचारियों को राहत मिल सके। मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन से सुबह के समय दिल्ली की ओर जाने वाली पैसेंजर गाड़ी 64560 में डिब्बों संख्या मात्र 10 होने से अवगत कराते हुए ट्रेन में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए इस ट्रेन में डिब्बों की संख्या बढ़ाई जाने और स्टेशन यात्रियों की भीड़ को देखते हुए सुबह 7 बजे नगर से दिल्ली के लिए चलाए जाने की मांग की, ताकि ड्यूटी पर जाने वाले यात्री समय से पहुंचकर अपना कार्य कर सके।









## अहोई अष्टमी को लेकर बाजारों में खरीदारी को रही भीड़

**जानसठ, 12 अक्टूबर (बु.)।** अहोई अष्टमी का पर्व आज सोमवार को मनाया जाएगा। महिलाओं ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। अहोई अष्टमी को लेकर बाजारों में पूजन सामग्री, सजावट के सामान, व्रत का सामान, फल, मिठाइयों आदि की दुकानें पूरी तरह सज गई हैं। बाजार में महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। अहोई अष्टमी पर महिलाए अपनी संतानों के लिए दीर्घायु होने का व्रत रखेंगी। शाम को अहोई माता की पूजा-अर्चना कर व्रत खोला जाएगा। रविवार को सर्राफा की दुकानों पर साऊ माता की चांदी की मालाओं की काफी बिक्री हुई। बाजार में खरीदारी के चलते रौनक रही। इस दिन महिलाएं संतान की सलामती के लिए अहोई अष्टमी का व्रत रखती है। इसमें सुबह स्नान कर उपवास रखा जाता है। उसके बाद आस-पड़ोस की महिलाओं के संग अहोई माता की कहानी सुनी जाती हैं। अहोई अष्टमी को लेकर व्रत, पूजन के साथ कपड़ों की दुकान, रेडीमेड गारमेंट, साड़ी की दुकान इत्यादि पर भी भीड़ है। कस्बे के दुकानदारों ने पूजा सामग्री, दीये, अहोई माता की तस्वीरें, नई साड़ियां और सजावट का सामान सजा रखा है। मिठाई की दुकानों पर भी भीड़ नजर आ रही है।

## 120 मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**जानसठ, 12 अक्टूबर (बु.)।** सीएचसी प्रभारी डॉ. अर्जुन सिंह की देखरेख में क्षेत्र के गांव सिखेड़ा, राजपुर कलां, मीरापुर, रामराज में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मियों ने 120 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उनको दवाई का वितरण किया। इस दौरान पीएचपी स्टाफ द्वारा महिलाओं को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी दी गई तथा सामग्री वितरित की। एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीके लगाए गए। 30 मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर और खून की जांच भी स्वास्थ्य मेले में की गई। इस दौरान डॉ. नदीम, डॉ. सुषमा शर्मा, अब्दुल कलीम, गंभीर, जावेद आदि ने स्वास्थ्य मेले में सहयोग किया।

## साइबर सेल ने लाखों रुपये के 5 फोन पीड़ितों को सौंपे



**बुढ़ाना, 12 अक्टूबर (बु.)।** कोतवाली बुढ़ाना की साइबर क्राइम टीम ने अलग अलग समय में खोए हुए लाखों रुपये की कीमत के पांच मोबाइल फोन तलाश करते हुए उनके स्वामियों को कोतवाली बुढ़ाना में बुलाकर सौंप दिए। इस दौरान अपने-अपने मोबाइल पाकर मोबाइल फोन स्वामी काफी प्रसन्न नजर आए और उन्होंने कोतवाली बुढ़ाना की साइबर क्राइम टीम का आभार जताया। मिली जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, पुलिस अधीक्षक क्राइम इंदु सिद्धार्थ, बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह, बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री और साइबर क्राइम टीम द्वारा 05 खोये हुए मोबाइल जिनकी कीमत एक लाख दस हजार रुपये के करीब थी, वे पाये जाने पर उनके स्वामियों को बुढ़ाना कोतवाली परिसर में बुलाकर सौंपे गये। इन मोबाइलों को पाकर पांचों मोबाइल फोन स्वामियों ने हर्ष जताते हुए पुलिस टीम का धन्यवाद किया।

## अलीगढ़ में युवक की बर्बर हत्या, घर से खींचकर चाकुओं से गोद दिया

**अलीगढ़, 12 अक्तूबर (एजेंसी)।** अलीगढ़ जिले के जवां थाना क्षेत्र के मोहल्ला अहेरिया में शनिवार देर रात एक हिंदू युवक की बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी युवकों ने मृतक को उसके घर से खींचकर बाहर ले जाकर पहले जमकर पिटाई की और फिर चाकुओं से गोद दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल है, जबकि पुलिस ने फरार आरोपियों को मौके से ही दबोच लिया। मृतक की पहचान करन पुत्र मेघ सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर 8 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जो मोहल्ले के ही निवासी बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, शनिवार रात करीब 11 बजे कुछ मुस्लिम युवक करन के घर में घुसे और उसे जबरन बाहर खींच लिया। घर से थोड़ी दूरी पर ले जाकर पहले आरोपी युवकों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद चाकुओं से करन को कई जगह गोद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग सन्न रह गए। घटना की जानकारी लगते ही जवां थाने की पुलिस भारी संख्या में मौके पर पहुंच गई। मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से खून के धब्बे, चाकू के निशान और अन्य साक्ष्य इकट्ठा किए। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुख्य आरोपी असद पुत्र नफीस खां, इद्रीश पुत्र अब्दुल सलाम, नफीस खां पुत्र अब्दुल सलाम, अयान पुत्र शमशाद खां, अनश पुत्र नफीस खां, अरमान पुत्र इद्रीश, अल्तमश पुत्र नफीस खां और चांद पुत्र शमशाद खां को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपी मोहल्ला अहेरिया के ही निवासी हैं। पूछताछ में हत्या का कारण पुरानी रंजिश या व्यक्तिगत विवाद होने की बात सामने आ रही है।



# एक साल में सरसों के तेल ने पकड़ी रफ्तार, लगातार बढ़ रही सरसों के तेल की कीमतें

## दीपावली पर जलेंगे सरसों की तेल की महंगाई के दीपक



**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु)।** इस बार सरसों के तेल की कीमतों में भारी उछाल देखने को मिला है। दीपावली पर तेल के दामों में आई बढ़ोतरी आम जनता को परेशान कर सकती है। ऐसे में सवाल यह है कि आम जनता के लिये दीपावली के दीये किस तरह से मुश्किल बढ़ा सकते हैं। बुलेटिन की टीम ने ग्राउंड जीरो पर जो आंकड़े इकट्ठे किये, उन्होंने सभी को हैरान कर दिया है। आपको बता दें कि जब 2004 में एनडीए चुनाव हारी थी तो तेल की कीमतें लगभग ₹30 प्रति लीटर थी। उसके बाद जब 2014 में यूपीए चुनाव हारी थी, तो सरसों के तेल की कीमतें ₹52 प्रति लीटर हो गई थी। अब चल रहा है 2025 यानि 11 साल में सरसों के तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है। आज की स्थिति हम देखें, तो तेल के रेट प्रति किलो 170 रुपये लीटर हैं। मतलब कि 11 साल में 118 रुपए सरसों के तेल में वृद्धि दर्ज की गई है। फिलहाल लोकल मंडी की बात करें तो इस समय 3 कंपनियों के तेल की मांग बाजार में सबसे ज्यादा है। पहले नंबर पर है फॉर्च्यून तेल। इसे व्यापारी सबसे शुद्ध मानते हैं। इस तेल की कीमत 2600 रुपए प्रति 15 लीटर होती है। यानि कि अगर प्रति 15 लीटर की बात करें तो 170 रुपए प्रति लीटर इस समय रेट चल रहा है। दूसरे नंबर पर आता है धारा कंपनी का सरसों का तेल। जो कि इस समय अगर थोक के भाव पर नजर डालें, तो 2550 रुपए प्रति लीटर है। अगर आप 1 लीटर के हिसाब से देखें तो 165 रुपए इसकी वर्तमान में कीमत चल रही है। आपको बता दें कि यह सारे आंकड़े बुलेटिन की टीम ने तेल मंडी से इकट्ठे किये हैं। इसके अतिरिक्त अगर बात करें उस तेल की, जिसकी मांग तीसरे नंबर पर धरातल पर ज्यादा है, वो है चौधरी। जिसकी कीमत 2500 रुपए प्रति 15 लीटर यानि 160 रुपए प्रति लीटर कीमत चल रही है। ऐसे में आप यह समझिए कि कीमतों में भारी उछाल देखने को मिला है। पिछले 11 सालों के दौरान। अगर आप आंकडों के अनुसार समझें तो 2004 से 2014 तक कीमतों में जो उछाल आया है, वो मात्र 12 रुपए का यानि 2004 में कीमत थी 30 रुपए प्रति लीटर और 2014 में कीमत हो गई 52 रुपए प्रति लीटर और अब बात करें 2025 की यानि 11 साल होते-होते कीमत 170 रुपए हो गई है। यानि लगभग 118 रुपए का उछाल अब आप समझेंगे कि आखिर कैसे सरसों का तेल इस समय रसोईयों से दुर्लभ पदार्थ होने की कगार पर पहुंच गया है। ऐसे में आप क्या समझते हैं कि यह कैसी जीडीपी है? जो हमारी विश्व में तीसरे नंबर पर पहुंच चुकी है। अगर विशेषज्ञों की मानें तो सरसों के तेल की कीमतों में वृद्धि का कारण आपूर्ति में कमी, खराब मौसम से फसल उत्पादन पर असर, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में खाद्य तेलों की कीमतों में उछाल, बढ़ती घरेलू मांग, और बिचौलियों की भूमिका जैसे कई कारक हैं। इसके अलावा, सीमा शुल्क में बदलाव और किसानों द्वारा सही दाम मिलने तक सरसों का स्टॉक करना भी कीमतों को प्रभावित करता है। बेमौसम बारिश, सूखा और अन्य मौसमी बदलाव सरसों की फसल के उत्पादन को प्रभावित करते हैं, जिससे बाजार में आपूर्ति घट जाती है और कीमतें बढ़ जाती हैं। वैश्विक बाजार में तिलहन और खाद्य तेलों की कीमतों में बढ़ोतरी भी भारतीय बाजार को प्रभावित करती है। आपको बता दें कि कई बार व्यापारी कृत्रिम कमी पैदा करने के लिए सरसों का स्टॉक जमा कर लेते हैं, जिससे बाजार में कीमतें अचानक बढ़ जाती हैं। केंद्र सरकार द्वारा पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी जैसे अन्य खाद्य तेलों पर सीमा शुल्क बढ़ाने से भी खाद्य तेलों पर महंगाई बढ़ी है, जो सरसों तेल की कीमतों को भी प्रभावित करती है। किसान उचित कीमत मिलने का इंतजार करने के कारण अपनी फसल को बाजार में नहीं उतारते हैं, जिससे बाजार में उसकी कमी बनी रहती है। यह भी तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का एक कारण है। अब देखना यह है कि यह सारी चीजें नियंत्रण में लाकर सरकार लोगों को राहत दे पाती है या फिर सरसों को तेल दोहरा शतक लगा देता है।

### मौलाना ने पीटा तो छात्रों ने पत्नी-बेटियों को मार डाला, बागपत मस्जिद में सिर कूंचा

**बागपत, 12 अक्तूबर (एजेंसी)।** यूपी के बागपत की मस्जिद में मौलाना की पत्नी और उनकी दो बेटियों की हत्या 2 छात्रों ने की थी। दोनों मस्जिद में ही मौलाना से तालीम (शिक्षा) ले रहे थे। शनिवार सुबह 9 बजे मौलाना इब्राहिम ने पढ़ाई करने के लिए दोनों छात्रों की पिटाई की, फिर वह अफगानी विदेश मंत्री के स्वागत के लिए सहारनपुर के देवबंद चले गए। दोपहर 1 बजे दोनों छात्र मस्जिद में घुस आए। वहां बने कमरे में गए तो मौलवी की पत्नी इसराना (30) और दोनों बेटियां सोफिया (5) और सुमैय्या (2) कमरे में सो रही थी।आरोपी छात्रों ने सोते वक्त ही हथौड़ा मारकर तीनों की हत्या कर दी। यानी छात्रों ने 4 घंटे में ही पिटाई का बदला लिया। फिर चाकू से गला रेत दिया, ताकि जिंदा बचने की कोई चांस न हो। इसके बाद दोनों भाग गए। जब मस्जिद में ट्रिपल मर्डर का खुलासा हुआ तो आरोपी छात्र आ गए। उन्होंने रोने और हंगामे का नाटक भी किया। एसपी सूरज राय ने कहा- दोनों आरोपी मस्जिद के मदरसे में पढ़ाई करते थे। मौलवी ने उनकी पिटाई की थी, इसलिए छात्रों ने उनकी पत्नी और दो बेटियों की हत्या की। आरोपियों की उम्र 14 और 15 साल है। दोनों ने जुर्म कबूल कर लिया है।

### 8 करोड़ की जमीन बेचने वाले महंत की संदिग्ध मौत, अयोध्या में खाना खाने के बाद मुंह से झाग निकला

**अयोध्या, 12 अक्तूबर (एजेंसी)।** अयोध्या के रावत मंदिर के महंत राम मिलन दास की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। शनिवार शाम को खाना खाने के बाद अचानक उनके मुंह से झाग निकलने लगा। आनन-फानन में शिष्य उन्हें अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। 48 साल के महंत



राम मिलन दास 15 साल से रावत मंदिर के महंत थे। वह कुशीनगर जिले के बड़हरा गांव के रहने थे। मंदिर की अयोध्या के रामघाट इलाके में जमीन थी, जिसे दो महीने पहले उन्होंने 8 करोड़ रुपए में बेची थी। शिष्यों के मुताबिक, इस जमीन का पैसा महंत राम मिलन के अकाउंट में आया था। इसके अलावा, उनके खाते में डेढ़ करोड़ रुपए पहले से थे। यानी, उनके अकाउंट में करीब 9.5 करोड़ रुपए थे। कोतवाली प्रभारी मनोज शर्मा ने कहा- महंत की मौत की वजह अभी साफ नहीं है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही कि कहीं जमीन बेचने के बाद मिले रुपए तो इस मौत के पीछे नहीं। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### 8 राज्यों में बैन कफ सिरप लखनऊ में बिक रहा, नशे के लिए होता है इस्तेमाल, 4 कार्टन कोडीन सिरप और दवाएं मिलीं

**लखनऊ, 12 अक्तूबर (एजेंसी)।** लखनऊ में कारोबारी जानलेवा कफ सिरप बेच रहा था। शनिवार को नारकोटिक्स विभाग और एफएसडीए ने कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। उसके घर से कोडीन सिरप के 4 कार्टन समेत कई प्रतिबंधित दवाइयां जब्त की गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आलमबाग के वीआईपी रोड स्नेह नगर के एक मकान पर छापा मारा गया। यहां से बड़ी संख्या में प्रतिबंधित कोडीन सिरप बरामद किया गया। कारोबारी दीपक मलवानी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। नारकोटिक्स विभाग की जांच में सामने आया कि दीपक मनवानी का नेटवर्क सिर्फ उसके घर तक सीमित नहीं था। पूरे लखनऊ में वह जानलेवा दवा सप्लाई करता था। वह अपने भाई दिलीप मनवानी की मेडिकल दुकान के जरिए दवाओं की अवैध सप्लाई करता था। दुकान को 'डिस्ट्रीब्यूशन पॉइंट' की तरह इस्तेमाल किया जा रहा था। यहां से कोडीन सिरप, मल्टीविटामिन और अन्य एलोपैथिक दवाइयां छोटे विक्रेताओं और फेरीवालों को दी जाती थीं। इनमें से कुछ दवाएं नशे के लिए इस्तेमाल की जा रही थीं। जांच एजेंसी ने इन दुकानों की सूची तैयार कर ली है। अब सभी जगहों पर छापेमारी की जाएगी।

### दिवाली पर तत्काल कोटे की 4000 सीटें बढ़ेंगी

**लखनऊ, 12 अक्तूबर (एजेंसी)।** ट्रेनों में वेटिंग व रिग्रेट के चलते 45 हजार यात्रियों के लिए सफर का संकट पैदा हो गया है। त्योहारों पर अब उन्हें सिर्फ तत्काल कोटे की सीटों से ही उम्मीद है। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे तत्काल कोटे में 4000 सीटें बढ़ाने की तैयारी में है। इससे सीटों की संख्या 6500 से बढ़कर 10500 हो जाएगी। दीपावली से पूर्व सीटों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। दिवाली पर दिल्ली, मुंबई, हावड़ा रूट के स्टेशनों से लखनऊ आने वाले यात्रियों के लिए कन्फर्म सीटों का संकट बना हुआ है। जनरल से लेकर एसी बोगियों तक में रिग्रेट व या लंबी वेटिंग चल रही है। साधारण ही नहीं, वीआईपी ट्रेनों में भी लंबी वेटिंग से यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। त्योहार बाद लखनऊ से इन रूटों पर लौटने वालों के लिए भी सफर आसान नहीं होगा। डबलडेकर एक्सप्रेस जैसी चेयरकार ट्रेन में भी वेटिंग चल रही है। अभी लखनऊ से गुजरने वाली ट्रेनों में तत्काल कोटे की सीटों की संख्या 6500 है, जिसे बढ़ाकर 10500 किया जाएगा।

### सपा नेता आजम खान को वापस मिली वाई श्रेणी की सुरक्षा, पूर्व मंत्री के लिए भेजे गए गार्ड और गनर

**रामपुर, 12 अक्तूबर (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी (सपा) नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान की सुरक्षा को फिर से बहाल कर दिया गया है। उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। 23 महीने जेल में



बिताने के बाद, आजम खान जमानत पर बाहर आए हैं। अब उन्हें एक बार फिर वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जा रही है। उनकी सुरक्षा में तैनात गार्ड और गनर उनके पास भेज दिए गए हैं। सपा नेता आजम खान को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई थी, लेकिन कोर्ट में दोषी पाए जाने के बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता भी खत्म हो गई थी। इसके चलते उनकी सुरक्षा को वापस ले लिया गया था। मगर, बाद में उनकी सुरक्षा को बहाल कर दिया था। इस बीच वह सीतापुर जेल गए। उनके जेल जाने के बाद सुरक्षा को वापस बुलाया गया था। अब पुनः उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान कर दी गयी है।

## जानसठ में तैनात सिपाही पर यौन शोषण का आरोप

**मुजफ्फरनगर,12 अक्टूबर (बु.)।** फेसबुक पर पुलिसकर्मी से दोस्ती हुई और सिपाही ने प्रेम जाल में फंसाकर युवती को यौन शोषण का शिकार बना लिया। फिरोजाबाद निवासी युवती ने जानसठ थाने में तैनात सिपाही के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुराचार करने एवं उसके भाई व पिता के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। युवती ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर सिपाही के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की मांग है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जनपद फिरोजाबाद के टूंडला थाने के गांव जरोली निवासी एक युवती ने जानसठ थाने में तैनात सिपाही विनोद कुमार पर उसे प्रेम जाल में फंसाकर दुराचार करने का आरोप लगाया है।



युवती का कहना है कि करीब ढाई वर्ष पूर्व फेसबुक के जरिए विनोद से उसकी दोस्ती हुई थी। दोस्ती प्रेम में बदल गई। उसे प्रेम जाल में फंसा कर सिपाही ने फिरोजाबाद जनपद के टूंडला गैलेक्सी होटल में उसे बुलाकर उसके साथ दुराचार किया। वह उससे शादी का वादा करता रहा और उसे 25 सितंबर को जानसठ लाकर 2 दिनों तक अपने कमरे पर रखा और उसके साथ शादी का नाटक किया। दो दिनों तक शारीरिक शोषण करने के बाद उसे अकेला छोड़कर फरार हो गया। जिसकी शिकायत उसने जानसठ कोतवाली में की थी। बाद में युवती ने टूंडला थाने में आरोपी के खिलाफ दुराचार करने एवं उसके भाई यतेंद्र एवं पिता राम सेवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई। इसके बाद युवती ने आरोपी सिपाही के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की मांग करते हुए जानसठ कोतवाली एवं एसएसपी मुजफ्फरनगर को भी शिकायती पत्र दिया है इसके संदर्भ में जानसठ पुलिस ने एसएसपी को रिपोर्ट भेज दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लखनऊ में डेढ़ लाख का ईनामी एनकाउंटर में ढेर

**लखनऊ,12 अक्टूबर (नेट)।** पुलिस ने डेढ़ लाख के इनामी बदमाश को मार गिराया। मुठभेड़ रविवार देर रात आगरा एक्सप्रेस-वे के जीरो प्वाइंट की सर्विस लेन पर हुई। बदमाश की पहचान गुरुसेवक पुत्र बलिंद्र निवासी पटाई पुवायां शाहजहांपुर के रूप में हुई। उसके दो साथी पहले गिरफ्तार किए जा चुके हैं। आरोपियों ने कैब चालक योगेश की लूट के दौरान हत्या के बाद शाहजहांपुर में ट्रेवलर चालक अवनीश की भी हत्या कर गाड़ी लूट ली थी। डेढ़ लाख के इनामी हरदोई पिहानी निवासी गुरु सेवक और पारा पुलिस के बीच रविवार रात मुठभेड़ हो गई। उसको गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उस पर लखनऊ पुलिस ने एक लाख और शाहजहांपुर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।


**शेष समाचार : लालच में फंसना पराया माल अपना**

विदेशी नंबरों का प्रयोग कर फिशिंग यानि कोई लिंक भेज कर उसे खोलते ही बैंक खाते खाली होने जैसी घटनाएं सामान्य हो चली हैं।

**साइबर अपराध रोकने को मजबूत इच्छा शक्ति की जरूरत**

तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध रोकने के लिए नेशनल पोर्टल के साथ राज्य और जिला स्तर पर विशेष सेल और साइबर थाने के साथ सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क तक बनाई गई हैं। इससे साइबर अपराध के अनेक मामलों का खुलासा करने में मदद मिली भी है। अपराधी गिरफ्तार भी होते हैं, लेकिन पूरी चेन ट्रेस करने का पुलिस के पास वक्त नहीं होता या फिर इच्छा शक्ति की कमी होती है। ऐसे में बड़े मामलों में छोटी मोटी रकम की बरामदगी कर पुलिस अपना काम पूरा समा लेती है। ऐसे अपराधियों का नेटवर्क खंगालना बहुत जरूरी नहीं समा जाता। पुलिस के सामने स्थानीय अपराधियों तक पहुंचना तो आसान होता है, लेकिन इंटरनेशनल गिरोहों द्वारा विदेशी नंबरों और अनजाने आईपी एड्रेस का इस्तेमाल कर किए जाने वाले अपराधों को खोल पाना उसके लिए आसान नहीं होता है।

### अपराध होने से पहले जागरूकता जरूरी



**साइबर अपराध होने से पहले ही रोक दिया जाए, इसके लिए लोगों का जागरूक होना जरूरी है। ईजी मनी के लिए साइबर अपराधी इस तरह के अपराध करते हैं। कॉमिक्स कॉर्टून और लघु फिल्मों के जरिए लोगों को आसानी से इसके प्रति सावधान किया जा सकता है। पुलिस का प्रयास है कि लोग इंटरनेट और सोशल मीडिया का प्रयोग करते हुए लालच देने वाले असामान्य प्रस्तावों के लिंक और अनजानी कॉल्स के प्रति जागरूक हों और इससे दूर रहें। इससे साइबर ठगी करने वाले कामयाब नहीं हो सकेंगे। ऐसे ही डिजिटल अरेस्ट के मामलों को लेकर भी सजग होने की जरूरत है। हालांकि कई इंटरनेट प्रोटोकॉल या आईपी एड्रेस या विदेशी नंबरों का प्रयोग कर की जाने वाली ठगी को ट्रेस कर पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में कार्टूनों और लघु फिल्मों के जरिए लोगों को बताया जा रहा है कि ऐसे मामलों में सावधानी सबसे बड़ी सुरक्षा है। इसके बावजूद कोई अपराध होने पर स्थानीय साइबर हेल्प डेस्क, साइबर थाने या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के साथ साइबर पोर्टल** www.cybercrime.gov.in **उनके लिए मददगार साबित हो सकता है।**

**इंदु सिद्धार्थ, एसपी अपराध**

### देहरादून में कार ने भाजयुमो नेता को रौंदा, मौत, 3 घायल

**देहरादून, 12 अक्तूबर (एजेंसी)।** देहरादून के पटेल नगर थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पर खड़े लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में भाजयुमो महानगर महामंत्री जितेंद्र बिष्ट (45) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद गुस्साए छात्रों ने सड़क जाम कर हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छात्रों को शांत कराया और मृतक का शव पोस्टमॉर्टम के लिए कब्जे में लिया। पुलिस ने घटना स्थल से कार बरामद कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि कार एक वर्कशॉप में सर्विस के लिए लाई गई थी और टेस्ट ड्राइव के दौरान दुर्घटना हुई। पुलिस के मुताबिक शनिवार की रात जितेंद्र बिष्ट के दोस्त उनके शिमला बायपास स्थित कार्यालय पर पहुंचे, सभी यहां पर उनके दोस्त वासु का जन्मदिन मनाने पहुंचे थे। दोस्तों में ऋतिक, ओम सजवान और वैभव रावत शामिल थे, जबकि वासु पहले से ही जितेंद्र के साथ था केक काटने के बाद रात करीब पौने 8 बजे पांचों लोग कार्यालय के बाहर निकले। वासु अपने घर की तरफ निकल गया और बाकी चारों भी अपनी घर की तरफ जाने लगे लेकिन, तभी एक कार आई और चारों को टक्कर मारकर, कुछ ही दूरी पर जाकर रुक गई।

**शेष समाचार : पंजीकृत 10366 में से कुल ...**

उपस्थिति का आंकड़ा कम रहा। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में उक्त परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। इस दौरान आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत अभ्यर्थी को प्रवेश के दौरान चैकिंग से गुजरना पड़ा।

## 24 घण्टे में दो भीषण सड़क हादसों में 7 लोग गम्भीर घायल, सभी घायलों को भेजा गया जिला अस्पताल

**चरथावल, 12 अक्टूबर (बु.)।** क्षेत्र के ग्राम निर्धना मोड़ के निकट चरथावल-मुजफ्फरनगर रोड पर एक मोटरसाइकिल और साइकिल में जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों वाहन सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मोटरसाइकिल सवार की पहचान आस मोहम्मद पुत्र महमूद निवासी राज्जड जिला शामली और आरिफ पुत्र इरफान निवासी गांव गोगावान थाना कैराना जनपद शामली के रूप में हुई है। वहीं साइकिल सवार जबर सिंह पुत्र किशन निवासी हैबतपुर थाना मुजफ्फरनगर बताया जा रहा है। दुर्घटना के बाद मौके पर राहगीरों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर घायलों को सीएचसी चरथावल में भर्ती कराया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया गया। दूसरा हादसा चरथावल-थानाभवन मार्ग पर स्थित चंद्रशेखर



डिग्री कॉलेज के पास हुआ, जहां दो मोटरसाइकिलों में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। मोटरसाइकिल सवार प्रीतम पुत्र राजकुमार (35) उसकी पत्नी सुमित्रा (30) और ममतेश पत्नी संतरपाल (35) तीनों ग्राम मुथरा निवासी अचानक सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से भिड़ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकें सड़क पर गिर पड़ी और सवार दूर जा



गिरे। हादसे में प्रीतम और ममतेश गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी चरथावल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, प्रीतम की पत्नी सुमित्रा को मामूली चोटें आई हैं। दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार रमेश पुत्र दाताराम (45) निवासी ग्राम नगला राई भी गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसे परिजन तत्काल उपचार के लिए मुजफ्फरनगर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया।

### धीरेंद्र शास्त्री के महाकुंभ वाले बयान पर कोर्ट का बड़ा फैसला, याचिका खारिज

**नई दिल्ली, 12 अक्तूबर (एजेंसी)।** पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को शहडोल न्यायालय ने बड़ी राहत दी है। अदालत ने उनके खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी है। इस याचिका में आरोप लगाया गया था कि शास्त्री ने प्रयागराज महाकुंभ के दौरान यह कहा था कि जो महाकुंभ में नहीं आएगा, वह पछताएगा और देशद्रोही कहलाएगा। इस बयान को लेकर संदीप तिवारी ने याचिका दायर की थी, जिसमें आरोप था कि यह बयान असंवैधानिक और भड़काऊ है और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और आईटी एक्ट की धारा 66ए, 67 के तहत कार्रवाई की मांग की थी। याचिका में यह भी दावा किया गया था कि शास्त्री ने धार्मिक भावनाओं को भड़काया और समाज में अशांति पैदा करने की कोशिश की। कोर्ट की सुनवाई के दौरान पंडित शास्त्री की तरफ से उनके अधिवक्ता समीर अग्रवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि यह बयान धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवचन के तहत दिया गया था और इसमें किसी भी व्यक्ति या वर्ग का अपमान नहीं किया गया। शास्त्री के बयान को किसी प्रकार की उकसावे वाली भाषा के रूप में नहीं लिया जा सकता था। अदालत ने सभी पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद पाया कि परिवाद में कोई ठोस प्रमाण नहीं है, और इस कारण से शास्त्री के खिलाफ किसी भी प्रकार के



कानूनी कदम उठाने की आवश्यकता नहीं है। अदालत ने संज्ञान लेने से इनकार कर दिया और याचिका को खारिज कर दिया। शहडोल कोर्ट का फैसला आने के बाद पंडित धीरेंद्र शास्त्री के अधिवक्ता समीर अग्रवाल ने कहा कि यह अदालत का निर्णय न्याय की जीत है।

### डीएम-एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पीसीएस-प्री परीक्षा रविवार को जनपद के 23 परीक्षा केंद्रों पर निर्विघ्न एवं नकलविहीन संपन्न हुई। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। इस बीच डीएम उमेश मिश्रा ने स्वयं कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों से बातचीत करने के साथ परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। डीएम ने



यह भी सुनिश्चित किया कि परीक्षा केंद्रों पर किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व पूरी कर ली जाएं। इसके साथ ही एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने भी कई परीक्षा केंद्रों पर पहुंच चैकिंग करते हुए अधीनस्थों को अलर्ट मोड़ पर रहने के दिशा निर्देश दिए।

## केले निकालने के बहाने चाभी लेकर बुक कार लेकर फरार शातिर मुठभेड़ में दबोचा



**मुजफ्फरनगर,12 अक्टूबर (बु.)।** खतौली पुलिस ने मुठभेड़ में एक वाहन चोर को घायल होने के बाद गिरफ्तार कर ईको गाड़ी चोरी की घटना का खुलासा कर उसके कब्जे से चोरी की ईको गाड़ी तथा अवैध शस्त्र बरामद किए हैं।

दो दिन पूर्व चरथावल निवासी जुबैर पुत्र वाकत ने खतौली पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया था कि वह अपनी ईको गाड़ी बुकिंग में चलाने का काम करता है। 9 सितंबर को एक व्यक्ति द्वारा वादी की गाड़ी मंसूरपुर व खतौली जाने के लिए बुक की थी । खतौली में बुढाना मोड़ पर खाना खाते समय उक्त अज्ञात व्यक्ति द्वारा गाड़ी से केले निकालने के लिए वादी से गाड़ी की चाबी मांगी तथा वादी की गाड़ी लेकर भाग गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। थाना खतौली पुलिस ने आज गंगनहर पटरी पर चेकिंग एक ईको गाड़ी तेज गति से आती देखी तो चेकिंग हेतु उसे रुकने का इशारा किया। पुलिस टीम द्वारा गाड़ी की घेराबंदी करने का प्रयास किया गया तो चालक गाड़ी को मुख्य मार्ग से उतार कर कच्चे रास्ते पर जंगल की तरफ भागने लगा। पुलिस टीम ने गाड़ी का पीछा किया तो कुछ दूरी पर जाकर कच्चा रास्ता होने के कारण गाड़ी गड्ढे में पहिया गिर जाने के कारण फंस कर रुक गयी । उसमें सवार व्यक्ति गाड़ी से उतर कर पुलिस टीम पर फायर करता हुआ जंगल की तरफ भागने लगा। जवाबी फायरिंग में बदमाश अरशद पुत्र बसारत अली घायल हो गया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की एक ईको गाड़ी तथा अवैध शस्त्र बरामद किए हैं ।

## आज मनेगा अहोई अष्टमी पर्व, जानिए पूजा का शुभ मुहूर्त


**मुजफ्फरनगर,12 अक्टूबर (बु.)।** सोमवार को अहोई अष्टमी का पर्व मनाने की तैयारी पूरी कर ली गई हैं। महिलाएं इस पर्व पर अपनी संतान के स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना के साथ व्रत रखेंगी। इसके लिए तमाम पूजन सामग्री की खरीदारी आज जोरों पर चली। बाजार में अहोई माता के चित्रों और मिट्टी के बर्तनों के साथ खाने पीने की सामग्री और बच्चों को उपहार में देने के लिए रेडीमेड वस्त्रों की जमकर खरीद हुई। सोमवार को होने वाले अहोई अष्टमी के पर्व की तैयारियां आज घरों में जमकर चलीं। इस मौके पर महिलाएं जहां व्रत की सामग्री की खरीद में जुटी रहीं, वहीं घरों में इस दिन पकवान बनाने की तैयारियां भी चलती रहीं। संतान के सुख व समृद्धि की कामना के साथ महिलाएं सोमवार को व्रत रखेंगी। इसके बाद दिन में कथा सुनने के साथ अहोई पूजन संध्या समय किया जाएगा। आसमान में तारे दिखाई देने के बाद



उन्हें अर्घ्य दिया जाएगा। फिर महिलाएं अपने व्रत का पारण करती हैं। विधिवत व्रत की पूजा और उसका पारण करने से अहोई माता प्रसन्न होती हैं और सभी मनोकामनाएं पूरी करती हैं। मान्यता है कि निसंतान महिलाओं द्वारा इस व्रत को करने से माता अहोई के आशीर्वाद से उन्हें संतान सुख प्राप्त होता है। सोमवार 13 अक्टूबर के दिन अहोई अष्टमीपूजा का शुभ समय शाम 5:53 मिनट से प्रारंभ होगा और शाम 7 बजकर 8 मिनट तक बना रहेगा। 1 घंटे 15 मिनट तक पूजा का विशेष समय रहेगा। तारों को अर्घ्य देने का समय शाम 6 बजकर 17 मिनट तक है। इसके लिए महिलाओं में उत्साह है। आज बाजार में खरीदारी का जोर रहा। महिलाओं ने बच्चों को उपहार में देने के लिए रेडीमेड वस्त्र और घर के बड़ों को बायने में देने के लिए वस्त्र आदि खरीदे।

### ईवी सब्सिडी खत्म होने से खरीदारों की जेब पर बढ़ेगा बोझ, 14 अक्टूबर से बदलेंगे नियम

**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के खरीदारों को प्रोत्साहित करने के लिए चलाई जा रही सब्सिडी योजना 13 अक्टूबर को समाप्त होने जा रही है। इस तारीख के बाद, यानि 14 अक्टूबर से ईवी खरीदने वालों को टैक्स और पंजीकरण शुल्क देना पड़ सकता है। हालांकि राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है, जिसके तहत उत्तर प्रदेश में ही निर्मित और पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी जारी रहेगी, लेकिन यह छूट केवल राज्य में बने



वाहनों पर ही मिलेगी। यूपी सरकार ने अक्टूबर 2022 में 'उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति-2022' लागू की थी। इस नीति के तहत, राज्य में खरीदे और पंजीकृत किए गए सभी इलेक्ट्रिक वाहनों को टैक्स और पंजीकरण शुल्क में छूट के साथ-साथ सीधे सब्सिडी देने का प्रावधान किया गया था। इस योजना के समाप्त होने की अंतिम तिथि 13 अक्टूबर निर्धारित की गई थी, जिसके बाद अब इसमें बदलाव किए जा रहे हैं। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, 14 अक्टूबर 2025 से इलेक्ट्रिक वाहन नीति के नियम बदल जाएंगे

**सब्सिडी केवल 'मेड इन यूपी' पर**

**मुजफ्फरनगर।** 14 अक्टूबर से केवल उन इलेक्ट्रिक वाहनों पर ही सब्सिडी मिलेगी, जो उत्तर प्रदेश में निर्मित किए गए हैं और राज्य में पंजीकृत हुए हैं। यह योजना 2027 तक जारी रह सकती है।

**टैक्स और पंजीकरण शुल्क देना होगा?**

**मुजफ्फरनगर।** अन्य राज्यों में निर्मित होकर यूपी में बिकने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों पर 14 अक्टूबर से रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क लागू हो जाएगा। अभी तक इन शुल्कों में शत-प्रतिशत छूट मिल रही थी।

## पुलिस की वाहन चोरों से मुठभेड़



**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र में पुलिस व बदमाशों की मुठभेड़, गोली लगने से एक वाहन चोर घायल। सीओ नई मण्डी राजकुमार साव ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार की रात एनएच-58 पर भोपा पुल के निकट बैरियर लगाकर चैकिंग की जा रही थी, तभी बागोवाली की ओर से पुलिस ने तेज गति से आ रही एक कार को रुकने का इशारा किया तो चालक द्वारा कार न रोककर बैरियर से बचते हुए वापस भागने की कोशिश की। पुलिस टीम द्वारा कार का पीछा किया गया। बिलासपुर कट के निकट पुलिस ने कार की घेराबंदी कर ली। घेराबंदी होते ही बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने शहजाद निवासी मेहलकी थाना जानसठ, हाल निवासी जैन नगर खतौली को गोली मारकर घायल कर दिया। बाद में पुलिस ने घायल बदमाश शादाब को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों ने चोरी की कार, दो मोबाइल, फर्जी नेम प्लेट व दो तमंचे बरामद किये। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि बदमाश गाड़ी चोरी करने के लिए लॉक डिकॉडर की सहायता से गाड़ियों के लॉक तोड़ लिया करते थे तथा



चोरी की गयी गाड़ियों को अलग अलग राज्यों में बेचकर पैसा कमाते थे। फिलहाल पुलिस को बदमाशों के पास से स्वीफ्ट डिजायर गाड़ी बरामद हुई है जो कि दिल्ली बॉर्डर से चोरी की गयी थी।

## प्रेमानंद महाराज, झलक के लिए बेताब दिखे लोग

**मथुरा, 12 अक्तूबर (एजेंसी)।** संत प्रेमानंद महाराज की एक झलक पाने के लिए लोग आतुर रहते हैं। उनकी प्रसिद्धि इतनी बढ़ गई है कि सोशल मीडिया से लेकर उनके आश्रम तक उनके अनुयायियों की भीड़ दिखाई देती है। कई दिनों से स्थगित पदयात्रा को पुनः शुरू होने का इंतजार देख रहे लोगों के लिए यह खुशखबरी है। रविवार सुबह करीब तीन बजे महाराज आश्रम से बाहर आए और पैदल यात्रा करते ही परिक्रमा मार्ग में गए। गौरतलब है कि अल सुबह श्री राधे हित केलिकुंज आश्रम से परिक्रमा मार्ग तक रमणरेती चौकी के पास तक पदयात्रा पर निकले तो महाराज को देखते ही राह तक लोगों ने उनके देखते ही प्रणाम किया और राधा नाम का जयकारा लगाया। संत प्रेमानंद महाराज ने सभी का अभिवादन स्वीकारा। संत के आने से पहले ही लोग उनके आश्रम से लेकर परिक्रमा



मार्ग तक सड़क के दोनों ओर खड़े हो गए थे। यूं मानो कि संत प्रेमानंद महाराज से पदयात्रा तो की, लेकिन मार्ग का दायरा सिमट गया। महाराज ने सभी को आशीर्वाद दिया तो लोग भी उनकी छवि और यात्रा के दृश्य को मोबाइल में कैद करते हुए बेताब दिखे।

### मायावती को लेकर चंद्रशेखर आजाद का बड़ा बयान, बोले- ऐसा लग रहा मायावती डरी हैं

**नगीना, 12 अक्तूबर (एजेंसी)।** आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद रविवार को प्रयागराज पहुंचे। कादिलपुर में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर भावुक हो गए। उन्होंने कहा- मेरे भाइयों की पीठ पर लाठी पड़ रही है। कान पकड़वाए गए। इससे पहले एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में चंद्रशेखर ने कहा- बसपा सुप्रीमो मायावती ने रैली में योगी सरकार की तारीफ की। न जाने क्यों मायावती का कोई राज छिपा लग रहा।



मायावती क्यों डरी हैं? ऐसा लगता है, जैसे उनको डराया जा रहा है। आज दलितों पर अत्याचार हो रहा। ऐसी सरकार की तारीफ की जा रही है। आपके ऊपर महिला (गर्लफ्रेंड) ने शोषण का आरोप लगाया है? इस सवाल पर चंद्रशेखर ने कहा- जब राजनीति करेंगे, तो आरोप लगेंगे ही। चंद्रशेखर बोले- रायबरेली में युवक की पीट-पीट कर हत्या की गई। वाल्मीकि समाज के लोगों को मारने के बाद जिस तरीके से हंसकर कहा गया कि हम बाबा के लोग हैं। इससे साबित होता है कि यूपी में दलितों की हैसियत क्या है। उनकी जान सुरक्षित नहीं। चंद्रशेखर ने कहा- लंबे समय से हम लोग हाथ फैला रहे हैं। हम लोग खुद को तैयार नहीं करेंगे, तो ये मांगने की प्रक्रिया 100 साल रुकने वाली नहीं। इसलिए तय करना पड़ेगा कि हमें मांगने वाला बनना है या देने वाला। संविधान ने सब कुछ हमारे हाथ में रख दिया है।

## बिहार में एनडीए ने किया सीट शेयरिंग का ऐलान : बीजेपी-101, जेडीयू- 101, चिराग को- 29, उपेंद्र कुशवाहा-मांझी को 6-6 सीटें

**नई दिल्ली, 12 अक्तूबर (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए ने सीट शेयरिंग की घोषणा कर दी है। बीजेपी 101 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, वहीं जदयू 101 सीटों पर लड़ने जा रही है, जबकि चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी (आर) 29 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान आवाम मोर्चा को 6 और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम को 6 सीटें दी गई हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 110 सीटों पर लड़ी थी, उसे 74 पर जीत मिली थी। वहीं जेडीयू 115 सीटों पर लड़ी थी और 43 सीटों पर जीती थी। 2020 का चुनाव तत्कालीन लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) ने अकेले लड़ा था। पार्टी ने 135 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। हालांकि एक सीट पर ही जीत मिली थी। लोजपा ने खासतौर से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के खिलाफ अपने उम्मीदवार खड़े किए थे, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ प्रत्यक्ष रूप से नहीं लड़ा। हालांकि जून 2021 में लोजपा में टूट हुई और पशुपति पारस की पार्टी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) बनी, जबकि चिराग की पार्टी लोजपा (रामविलास) है, जो इस बार के चुनाव में एनडीए का हिस्सा है। पशुपति की पार्टी के महागठबंधन के साथ मिलकर चुनाव



लड़ रही है। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी, ने 99 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे, लेकिन पार्टी को कोई सीट नहीं मिली। रालोसपा ने 2020 के चुनाव में महागठबंधन (जो राजद और कांग्रेस के साथ था) को छोड़कर ग्रैंड डेमोक्रेटिक सेक्युलर फ्रंट बनाया था, जिसमें बहुजन समाज पार्टी (बसपा), समाजवादी जनता दल डेमोक्रेटिक (सजदद), और अन्य छोटी पार्टियां शामिल थीं। इस बार कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा एनडीए का हिस्सा हैं।